## न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी (अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट) बांसवाड़ा (राजस्थान)
## पीठासीन अधिकारी – अभिषेक गोयल, RAS

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा
प्रकरण संख्या : 10/2024
रजिस्ट्रेशन नं. : 2024/4

अभियुक्त :–

| | | |
|---|---|---|
| राजस्थान राज्य जरिये खाद्य सुरक्षा अधिकारी बॉसवाडा (राज) | बनाम | श्री नितीन कुमार कलाल पुत्र श्री सुखलाल कलाल निवासी वार्ड नं. 8 सुरपुर पोस्ट तेजपुर, बांसवाडा, (विक्रेता/ मालिक) मैसर्स पंकज ट्रेडर्स, मेन रोड सुरपुर, बांसवाडा (राज.) |

## अपराध अन्तर्गत धारा 26 की उपधारा 2(ii) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011

## निर्णय

दिनांक 26–02–2024

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि **श्री उम्मेद मल टेलर** खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बॉसवाडा (राज.) के द्वारा दिनांक **01–01–2024** को यह प्रकरण इस आशय का पेश किया गया कि दिनांक **03–07–2023** को 4.00 पी.एम. बजे बाहैसियत खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य पदार्थो की जाँच हेतु **मैसर्स पंकज ट्रेडर्स, मेन रोड सुरपुर, बांसवाडा (राज.)** पर पहुंचा। इस समय संस्थान पर **श्री नितीन कुमार कलाल पुत्र श्री सुखलाल कलाल** उपस्थित थे। **विक्रेता एवं गवाहान् की उपस्थिति में मैसर्स पंकज ट्रेडर्स, मेन रोड सुरपुर, बांसवाडा (राज.)** का निरीक्षण करने पर दुकान में **दलिया (नाकोडा) 500 ग्राम के करीब 40 पैकेट विक्रय हेतु रखे थे।** उक्त **दलिया (नाकोडा)** में मिलावट का शक होने पर विक्रेता को गवाहान की उपस्थिति में फार्म नं.5ए पर सूचना देते हुए **दलिया (नाकोडा) के 4 पैकेट प्रत्येक में 500 ग्राम** वास्ते नमुना जॉच हेतु खरीदा तथा इनकी कीमत 80/–रु. विक्रेता को चुका कर रसीद प्राप्त की। जिस पर विक्रेता तथा गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक कर स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हस्ताक्षर किये। नमुना जॉच हेतु खरीदशुदा **दलिया (नाकोडा) के 4 पैकेट प्रत्येक में 500 ग्राम** के चार नमूना भाग तैयार किये प्रत्येक लेबल पर मालिक व गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं स्वयं हस्ताक्षर किये। उक्त लेबल मे से एक लेबल प्रत्येक नमूना पैकेट पर चिपकाया। प्रत्येक नमूना पैकेट को अलग–अलग खाकी कागज में लपेटकर सिरो को सफाई से मोडकर गोंद से चिपकाया

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2024.04.03 15:37:48 IST
Reason: SelfAttested

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति.जिला कलक्टर)

व प्रत्येक नमूना पैकेट पर डीओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बांसवाडा की हस्ताक्षर युक्त पेपर स्लिप कोड क्रमांक W-1471 गोंद से नियमानुसार चारो नमूना पैकेट के मुह से पैंदे की ओर चिपकाई तथा प्रत्येक नमूना पैकेट को नियमानुसार धागे से बांध कर चपडी से सीलबंद किया, एक सील नमूना प्लास्टिक के डिब्बे से मुह पर ,एक सील पैंदे पर, दो नमूना की बॉडी पर जहाँ पर धागे की गाठ लगाई पर चपडी लगाकर सीलबंद व सील मुहर किया। मालिक व गवाहान ने नियमानुसार पेपर स्लिप व खाकी कागज को क्रोस करते हुए हस्ताक्षर किये एवं स्वयं ने भी हस्ताक्षर किये नियमानसुार नमुना लेकर चारो सील बन्द नमूना को अपने जाब्तें में लिया। एक नमूना मय फार्म न. 6 की एक प्रति आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर, दो फार्म न. 6 की प्रति अलग से एक लिफाफा में बन्द कर, चपडी से सील मोहर कर दो सीलबन्द नमूना तथा शेष नमूने का चौथा भाग मय फार्म नं. 6 की प्रतिया आउटर कवर में चपडी से सील बन्द कर, सील मोहर कर अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा एवं खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा को जमा करवाया।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक एफ.एस.एस.ए / 2023 / 388 दिनांक 24–07–2023 एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 775 दिनांक 14–07–2023 अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **दलिया (नाकोडा)** का नमुना कोड क्रमांक **W-1471** Substanderd food under section 3(1)(zx) of food safety and standerds act 2006 पाया गया। विक्रेता द्वारा **दलिया (नाकोडा)** का विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन किया है जिस पर उक्त अधिनियम की धारा 51 के अन्तर्गत जुर्माने से दण्डित करने निवेदन किया।

प्रकरण दिनांक 02–01–2024 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर आरोपी को जरिये समन तलब किया गया।

दिनांक 12–02–2024 को [illegible] प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तह[illegible] किया कि न्यायालय जो भी जुर्माना करे, वह स्वीकार है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2024.04.03 15:37:48 IST
Reason: SelfAttested

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति. जिला कलक्टर)
बांसवाड़ा (राज.)

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक एफ.एस.एस.ए / 2023 / 388 दिनांक 24–07–2023 एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 775 दिनांक 14–07–2023 अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **दलिया (नाकोडा)** का नमुना कोड क्रमांक **W-1471** Substanderd food under section 3(1)(zx) of food safety and standerds act 2006 पाया गया है। प्रकरण में अभियुक्त द्वारा स्वयं अपराध स्वीकार किया है। ऐसी स्थिति में अब किसी अन्य साक्ष्य की आवश्यकता प्रतित नही होती हैं। इस कारण प्रकरण का अंतिम निस्तारण किया जाना हम उचित समझते है।

अतः खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 3(1)(zx) के तहत सबस्टेण्डर्ड पाया गया **दलिया (नाकोडा)** को विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन होना पाया गया। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 व नियम 2011 की धारा 51 में निर्धारित है। अतः आरोपी को दोष सिद्ध घोषित किया जाकर अप्रार्थी **श्री नितीन कुमार कलाल पुत्र श्री सुखलाल कलाल निवासी वार्ड नं. 8 सुरपुर पोस्ट तेजपुर, बांसवाडा, (विक्रेता/ मालिक) मैसर्स पंकज ट्रेडर्स, मेन रोड सुरपुर, बांसवाडा (राज.) को रूपये 10000/– (अक्षरे दस हजार रुपया मात्र) से दण्डित कर** खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम 2011 के 3.1.2 के बिन्दू संख्या 3 में उल्लेखित आय मद 0210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 04–लोक स्वास्थ्य, 800–अन्य प्राप्तियां, (03)–खाद्य सुरक्षा कानून के अन्तर्गत अनुज्ञा–पत्र शुल्क आदि में उक्त जुर्माना राशि तीन दिवस में राजकोष में जमा कराकर चालान की प्रति इस न्यायालय में पेश करने आदेश जारी किये।

निर्णय आज दिनांक 26–02–2024 खुले न्यायालय सुनाया गया।

(अभिषेक गोयल)
न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति० जिला मजिस्ट्रेट)
बांसवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2024.04.03 15:37:48 IST
Reason: SelfAttested